पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने टी0बी0 सील बिक्री अभियान का उद्घाटन किया

लखनऊः 02 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश क्षय-निवारक संस्था, श्री राम नाईक ने टी0बी0 सील बिक्री अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा है कि क्षय रोग एक गम्भीर बीमारी है, परन्तु लाइलाज नहीं। विज्ञान के दौर में सही उपचार रोगी को समय से प्राप्त हो जाये तो वह ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्षय निवारक संस्था को और गतिशील एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। टी0बी0 रोग की रोकथाम के लिये संस्था द्वारा उचित प्रचार-प्रसार भी जरूरी है तथा इस संस्था के साथ महिलाओं और युवा वर्ग को जोड़ने की भी आवश्यकता है। क्षय रोग से बचने की जानकारी तथा समुचित इलाज ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिये।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री भगवती सिंह, पूर्व मंत्री डा0 सुरजीत सिंह डंग, पूर्व मंत्री श्री अशोक बाजपेई, संस्था के चेयरमैन श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य एवं पदाधिकारीगण तथा राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर सहित राजभवन के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।